कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
Labour & Employment Ministry, Government of India
क.रा.बी.नि.
ESIC

सत्यमेव जयते

पंचदीप भवन, जे. एल. नेहरु मार्ग, पटना, बिहार – 800001
PANCHDEEP BHAWAN, J.L NEHRU MARG, PATNA – 800001
फोन : 0612-2533404 ईमेल : rd-bihar@esic.nic.in
वेबसाइट : www.esic.nic.in / www.esic.in

# प्रेस विज्ञप्ति

## ई.एस.आई.सी.में विशेष सुविधा समागम का आयोजन

पटना, दिनांक: 17.04.2023

आज दिनांक 17.04.2023 को अपराह्न 3.00 बजे ई.एस.आई.सी. के क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में क्षेत्रीय निदेशक सत्यजीत कुमार की अध्यक्षता में विशेष सुविधा समागम का आयोजन किया गया |

बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किए जा रहे चिकित्सा हितलाभ से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी | इस अवसर पर बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों से विभिन्न समस्यायों, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों, के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय लिए गए | साथ ही उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को यह आश्वासन भी दिया गया कि उनकी सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु ई.एस.आई.सी. द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं |

इस अवसर पर डॉ विजय कुमार केशरी, राज्य चिकित्सा अधिकारी; डॉ तनूजा कुमारी, चिकित्सा निर्देशी कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना; फैयाज़ अहमद, चिकित्सा अधीक्षक, श्री अनिल कुमार, सहायक निदेशक, श्री जयंत कुमार, सहायक निदेशक भी उपस्थित थे |

क्षेत्रीय निदेशक